भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 20.09.2025

स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत आरेडिका महाप्रबंधक ने किया वृक्षारोपण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 17.09.2025 से 02.10.2025 तक चलने वाले स्वच्छता अभियान 5.0 के अन्तर्गत आज दिनांक 20.09.2025 को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर आरेडिका आवासीय परिसर के टाइप–2 कॉलोनी में मन्दिर एवं योगाशेड के आस –पास साफ– सफाई तथा वृक्षारोपण कर स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि पीपल, नीम, आम, जामुन, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, आदि के 500 पौधों तथा बीजों का रोपण किया गया। साथ ही साथ स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, एडमिन, वर्कशॉप के सभी शॉपों में आने वाले 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए संबंधित कार्य–क्रम ,नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता सेल्फी आदि का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान वित्त सलाहकार एवं अध्यक्ष आरेडिका खेलकूद संघ, बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राकेश राज पुरोहित प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित अन्य अधिकारियों, आरपीएफ के जवानों तथा कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

20/09/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी